अति-आवश्यक
अति-तत्काल

प्रादेशिक मौसम केंद्र, नई दिल्ली

विषय:- मुख्यालय में हिंदी माह/ हिंदी दिवस-2024 का आयोजन

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुख्यालय नई दिल्ली में दिनांक 01.09.2024 से 30.09.2024 तक हिंदी माह एवं हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मौसम परिसर में हिंदी माह एवं हिंदी दिवस का आयोजन महानिदेशक का कार्यालय और प्रादेशिक मौसम केंद्र, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। हिंदी माह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन में सरकारी कामकाज में राजभाषा के रूप में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना है। **इस उद्देश्य से हिंदी माह के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है:-**

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	दिनांक	समय	स्थान
1	**हिंदी लेखन** **(मौसम पूर्वानुमान - चुनौतियाँ और समाधान)**	09.09.2024	11.00 बजे (पूर्वाहन)	उपग्रह मौसम भवन कक्ष सं. 509 और सू.सं.उ.प्र.कैंद्र कक्ष सं.603
2	**हिंदी श्रुतलेखन**	09.09.2024	3.00 बजे (अपराहन)	उपग्रह मौसम भवन कक्ष सं. 509 और सू.सं.उ.प्र.कैंद्र कक्ष सं.603
3	**हिंदी टिप्पण/ मसौदा लेखन**	10.09.2024	11.00 बजे (पूर्वाहन)	उपग्रह मौसम भवन कक्ष सं. 509 और सू.सं.उ.प्र.कैंद्र कक्ष सं.603
4	**हिंदी टंकण**	10.09.2024	3.00 बजे (अपराहन)	राजभाषा अनु.सं.606/ 611 व सू.सं.उ.प्र.कैंद्र कक्ष सं.603
5	**हिंदी वाद-विवाद** **AIML (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग) से रोजगार के अवसर कम होंगे**	11.09.2024	3.00 बजे (अपराहन)	वृष्टि सभागार
6	**हिंदी स्वरचित कविता**	12.09.2024	3.00 बजे (अपराहन)	वृष्टि सभागार

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को **प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।** प्रोत्साहन पुरस्कार हिंदीत्तर भाषी को देने का प्रावधान है। लेकिन यदि कोई हिंदीत्तर भाषी (तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, बंगला, उड़िया, असमिया) प्रतियोगी प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्रतियोगिता में प्राप्त कर लेता है तो प्रोत्साहन पुरस्कार चौथा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को दिया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के लिए 5,000/-रू., द्वितीय पुरस्कार के लिए 4,000/-रू.,तृतीय पुरस्कार के लिए 3,000/-रू. तथा दो प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए 2,000/रू. 2,000/-रू. की राशि दी जाएगी। **सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस परिपत्र को अपने कार्यालय के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के ध्यान में लाने के लिए इसका अधिक से अधिक प्रचार करें।**

....2/-

हिंदी वाद-विवाद और हिंदी स्वरचित कविता प्रतियोगिता वाले दिन दिनांक 11.09.2024 और 12.09.2024 को सभी अधिकारी/ कर्मचारी वृष्टि सभागार में आमंत्रित हैं। ऊपर दी गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अधिकारियों/ कर्मचारियों के नाम, पदनाम, अनुभाग, मातृभाषा, दूरभाष संख्या एवं प्रतियोगिता के नाम के विवरण **संलग्न प्रोफार्मा में भर कर राजभाषा अनुभाग को दिनांक 08.09.2024 तक अवश्य भेज दें। इसे** hq.hindi@gmail.com **पर मेल द्वारा भी भेजा जा सकता है।**

हिंदी दिवस समारोह दिनांक 30.09.2024 को 10.30 बजे वृष्टि सभागार में आयोजित किया जाएगा। दिनांक 30.09.2024 को सभी अधिकारी तथा कर्मचारी सादर आमंत्रित हैं । कृपया इन प्रतियोगिताओं एवं हिंदी दिवस समारोह के श्रोता बनकर प्रतियोगियों और कलाकारों का उत्साह अवश्य बढ़ाएँ ।

(सरिता जोशी)
उपनिदेशक (राजभाषा)
कृते मौसम विज्ञान के महानिदेशक
ई-मेल: hq.hindi@gmail.com

मौविमनि अशाटि सं.-DGM-HQ-28027(11)/2/2021-O.L.　　नई दिल्ली-3　　दिनांक: 29 अगस्त, 2024

प्रतिलिपि:- सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:-

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य

स्थापना-I अनु./ स्थापना-II अनु./ स्थापना-III अनु./ बजट एवं आयोजना अनु./ संगठन अनु./ सामान्य अनु./ प्रकाशन अनु./ सतर्कता अनु./ संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एन डब्ल्यू पी)/ जल मौसम प्रभाग/ उपग्रह मौसम प्रभाग/ उपरितन वायु उपकरण प्रभाग/ राष्ट्रीय ओज़ोन केंद्र/सूचना संचार और उपकरण प्रशिक्षण केंद्र/ पर्यावरण निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र (ई.एम.आर.सी.)/ कल्याण अनु./ केंद्रीय क्रय एकक/ सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ/ सूचना प्रणाली एवं सेवाएं प्रभाग (आई.एस.एस.डी.)/ राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र/ केंद्रीय विमानन मौसम प्रभाग (सी.ए.एम.डी.)/ सुरक्षा अनु./ कृषि मौसम प्रभाग/ मेटनेट

(सरिता जोशी)
उपनिदेशक (राजभाषा)
ई-मेल: hq.hindi@gmail.com

सं.-DGM-HQ-28027(11)/2/2021-O.L.
दिनांक: 29 अगस्त, 2024

मु.हिं.पख.24/प्र.कु.

हिंदी पखवाड़ा/ हिंदी दिवस-2024 प्रतियोगिता
आवेदन पत्र

1. प्रतिभागी का नाम: ....

2. पदनाम: ....

3. कार्यालय/ अनुभाग: ....

4. प्रतियोगिता का नाम: ....

5. मातृभाषा: ....

6. दूरभाष संख्या: ....

7. मो/फैक्स/फोन नं.: ....

प्रतियोगी के हस्ताक्षर: ....
दिनांक: